***प्रेस नोट*** ***25/04/2025***

# थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अपहरण की घटना मे शामिल 03 अभियुक्त गिरफ्तार–

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान वादी मुकदमा प्रदीप चौहान पुत्र स्व.फूलचन्द चौहान निवासी ग्राम कादीपुर नई बाजार दोहरीघाट मऊ के अपहरण की घटना मे शामिल 03 नफर अभियुक्तगण शाकिब पुत्र मोहम्मद स्व मुर्तजा साकिन मोहल्ला रघुनाथपुरा जुम्मा मस्जिद के पास थाना.कोतवाली नगर जनपद मऊ, दानिश पुत्र हिदायतउल्लाह साकिन मोहल्ला रघुनाथपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ व प्रकाश में आया अभियुक्त अबुशाकिब पुत्र शोहेल अनवर निवासी रघुनाथपुरा पुरा बाग थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को दिनांक 25.04.2025 समय करीब 12.20 बजे ट्रान्सफार्मर के पास कल्याण सागर मैदान थाना कोतवाली नगर मऊ से गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तगणो के सम्बन्ध में काफी दिनो से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया था कि एक प्रकार का सक्रिय गैंग है जो नवयुवको को शारिरिक सम्बन्ध बनाने का झाँसा देकर फोन करके बुलाते है तथा कपडे उतरवाकर अश्लील विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर पैसे मगवाते है। गिरफ्तार अभियुक्तो के मोबाइल से विडियो की बरामद हुआ है । उक्त अभियुक्तगणो के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में गिरफ्तारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध करने का तरीका -** उक्त अभियुक्तगण एक शातीर किस्म के अपराधी है जिनका पाँच लोगो द्वारा संचालित गैंग है जो लड़को शारिरिक सम्बन्ध बनाने का झाँसा देकर बुलाते है तथा आने पर अपहरण कर एक कमरे मे बन्धक बनाकर इनका मोबाइल लेकर लेते है तथा विडियो बनाकर परिवार वालो से पैसे मगवाते है।

**पंजीकृत अभियोग -**

1. मु.अ.सं. 127/25 धारा (2)324/352/(2)115/(2)140/(5)3बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

**गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

1. शाकिब पुत्र मोहम्मद स्व मुर्तजा.निवासी मु0 रघुनाथपुरा जुम्मा मस्जिद के पास थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ उम्र करीब वर्ष 19
2. दानिश पुत्र हिदायतउल्लाह निवासी मु0 रघुनाथपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ उम्र करीब वर्ष 20
3. प्रकाश में अभियुक्त अबुशाकिब पुत्र शोहेल अनवर निवासी रघुनाथपुरा पुरा बाग थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ उम्र करीब वर्ष 20

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 सुनील कुमार सरोज चौकी प्रभारी खीरीबाग थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
2. का. विपुल पाण्डेय, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
3. का. जमाल अहमद थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
4. का. राधेश्याम थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
5. का. राहुल मौर्या थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

आपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0सं0 0044/2025 धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ। (शाकिब पुत्र मोहम्मद स्वमुर्तजा.)
2. मु0अ0सं0 0314/2024 धारा 115(2), 117(2), 3(5), 333 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ। (दानिश पुत्र हिदायतउल्लाह)
3. मु0अ0सं0 .वि.द.भा 506 ,504 ,34 ,323 धारा 2020/550 थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ। (दानिश पुत्र हिदायतउल्लाह)

जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 25.04.2025 सायंकाल अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री महेश सिंह अत्रि द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों हट्टीमदारी, रौजा, सदर चौक, घास बाजार, संस्कृत पाठशाला, औरंगाबाद, मिर्जाहादीपुरा तक में रूट मार्च/पैदल गस्त कर शांति/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया गया एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में महत्वपूर्ण/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रूट मार्च एवं पैदल गस्त किया जा रहा है।